8 वर्ष में 887 करोड़ के विकास कार्य

स्मार्ट सिटी सागर में अब तक 96 निर्माण कार्य पूर्ण, कमिश्नर बैठक में आयुक्त ने दी जानकारी

नवभारत न्यूज

सागर 4 नवम्बर. कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने कमिश्नर कार्यालय में आयोजित बैठक में सागर नगर निगम क्षेत्र में कराए जा रहे स्मार्ट सिटी योजना एवं अन्य योजनाओं के कार्यों की समीक्षा की.

समीक्षा बैठक में निगमायुक्त एवं मुख्य कार्यकारी निदेशक स्मार्ट सिटी योजना राजकुमार खत्री ने नगर निगम क्षेत्र में स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत कराए जा रहे निर्माण कार्यों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि 2018 में सागर नगर निगम में स्मार्ट सिटी योजना प्रभावशाली हुई थी. इस योजना के अधिसंख्य निर्माण कार्य पूर्णता की ओर हैं.

उन्होंने बताया कि स्मार्ट सिटी योजना के कुछ अपूर्ण कार्यों को पूर्ण करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है.

बैठक में आयुक्त नगर निगम ने द्वारा कराए जा रही विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि स्मार्ट सिटी योजना के तहत लगभग 887 करोड़ के 96 कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं तथा 4 अन्य कार्य पूर्णता की ओर हैं.

बैठक में नगर निगम द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम द्वारा अमृत योजना के अंतर्गत विभिन्न कार्य कराए जा रहे हैं. वहीं कनेरा देव तथा मैनपानी में विभिन्न योजनाओं के आवास बनाए जा रहे हैं. इन आवासों में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के आवास भी शामिल हैं.

ई बस सेवा शुरू होगी

बैठक में निगमायुक्त ने बताया कि सागर नगरीय क्षेत्र में आगामी महीनों में ई-बस सेवा शुभारंभ की जा रही है, इसके लिए लगभग 32 बसें नगरीय क्षेत्र के 10 रूटों में चलाई जाएंगी. उन्होंने बताया कि ई-बसों के लिए डिपो बनाने की प्रक्रिया भी जारी है. बैठक में कमिश्नर ने सागर नगर निगम क्षेत्र में गीता भवन के लिए स्थल चिन्हित कर गीता भवन निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ करने के भी निर्देश आयुक्त नगर निगम को दिए. बैठक में निगमायुक्त एवं सीईओ स्मार्ट सिटी राजकुमार खत्री ने सागर नगर निगम में प्रारंभ की गई ई-अटेंडेंस के संबंध में जानकारी दी.

देव दीपावली आज

सागर. हिंदी माह कार्तिक की पूर्णिमा तिथि यानि कार्तिक पूर्णिमा के पावन दिन विश्वभर में देव दीपावली का उत्सव मनाया जाता है. बनारस शहर में इसे विशेष रूप से दीपोत्सव के रूप में मनाया जाता है. इस बार 5 नवंबर बुधवार को पड़ रही कार्तिक पूर्णिमा के पावन दिन दिव्य दीपोत्सव सहित देव दीपावली मनाते हुए ऐतिहासिक दृश्य का साक्षी बनने जा रहा है. तीन मढ़िया पर बने स्वच्छता नायक चैक पर दीपक जलाकर देव दिवाली उत्सव का शुभारंभ होगा. निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने झील से नागरिकों के आध्यात्मिक, पारंपरिक व सांस्कृतिक जुड़ाव हेतु नवाचार करते हुए पहली बार शहर में देव दीपावली के आयोजन का निर्णय लिया और निगमकर्मियों को समस्त तैयारियों के निर्देश दिये. निगमायुक्त ने कहा की लाखा बंजारा झील गंगा आरती जैसे विभिन्न आयोजनों के कारण धार्मिक पर्यटन का केंद्र बनी हुई है.

घरेलू गैस सिलेंडर में ठगे जा रहे उपभोक्ता

रजाखेड़ी क्षेत्र की महिलाओं ने की शिकायत, एक माह भी नहीं चल रहा सिलेंडर

नवभारत न्यूज

सागर 4 नवम्बर. सरकार द्वारा घरेलू गैस उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से अनेक सुलभ व्यवस्थाएं प्रारंभ की गई है.

सरकार द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश सरकार लाडली बहनों को निशुल्क गैस कनेक्शन प्रदान किए गए थे. बाद में उन्हें सब्सिडी भी देने का काम सरकार द्वारा किया गया. निशुल्क गैस कनेक्शन का लाड़ली बहनों को लाभ भी मिला,लेकिन अब उन्हीं लाडली बहनों को ठगा जा रहा है. कुछ उपभोक्ताओं ने बताया कि उनके घर पर जो घरेलू गैस सिलेंडर पहुंचता है, उसमें गैस की चोरी की जा रही है और लगभग 2 से 3 किलो गैस कम निकल रही है,जिससे घरेलू बजट बिगड़ रहा है,तो वहीं इस व्यवस्था के प्रति अविश्वास की स्थिति भी पैदा हो रही है, इसे एजेंसी की लापरवाही कहें या फिर हाकरो की कालाबाजारी?

> रजाखेड़ी निवासी कुछ उपभोक्ताओ ने बताया कि पिछले दो माह से यह समस्या है जो गैस सिलेंडर एक माह चलता था अब वह 20 दिन में ही खत्म हो रहा है. सिलेंडर में कम गैस होने की वजह से वह कम समय में ही खाली हो जाता है. इस उपभोक्ता का मकरोनिया स्थित गैस एजेंसी से एचपी का सिलेंडर आता है,हालांकि अभी तक इस उपभोक्ता ने इसकी शिकायत संबंधित गैस एजेंसी से नहीं की है और अगर यह शिकायत सही है तो हर महीने उपभोक्ताओं को सैकड़ों रुपए का चुना लग रहा है. मकरोनिया के अधिकांश व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में कमर्शियल गैस सिलेंडर की जगह घरेलू गैस सिलेंडर सप्लाई किया जा रहे हैं जबकि नियम अनुसार होटल रेस्टोरेंट और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को कमर्शियल गैस सिलेंडरों का उपयोग करना चाहिए. लेकिन यह व्यवसाय नियमों को ताक पर रखकर घरेलू गैस सिलेंडर का धड़ल्ले से उपयोग करते नजर आ रहे हैं,कई प्रतिष्ठानों पर विभिन्न कंपनियों के घरेलू गैस सिलेंडर उपयोग करते हुए देखे जा सकते हैं और संबंधित विभाग आंखे बंद किए हुए है. प्रशासन को इस ओर ध्यान देकर जांच करना चाहिए ताकि इस कालाबाजारी पर लगाम लगा सके और आमजन का नुकसान होने से बचाया जा सके.

एक नजर में

बिजली पेंशनर्स सम्मेलन में आमंत्रित किया

सागर. राज्य विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन, के तत्वावधान में 15 दिसम्बर को वार्षिक क्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा. यह सम्मेलन रवीन्द्र भवन सभागार में संपन्न होगा. मुख्य अतिथि पूर्व गृहमंत्री एवं विधायक भूपेन्द्र सिंह, विशिष्ट अतिथिविधायक शैलेन्द्र जैन आमंत्रित किए गए हैं. आयोजन समिति के सदस्यों में अरविंद जैन, रामलखन श्रीवास्तव, महाराज सिंह राजपूत, राजीव श्रीवास्तव, डीएस राजपूत, आरएस खरे, धनराज पटेल, अनिल गुप्ता, जेपी शर्मा, जीएस पाठक मौजूद रहे.

सायबर स्लेवरी सभी के लिए घातक

सागर. शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय में संचालित रासेयो ने साइबर सुरक्षा पर व्याख्यान आयोजित किया गया. मुख्य वक्ता आशिमा गौतम एसआई, साइबर सेल द्वारा छात्राओं को साइबर क्राइम से संबंधित बेहद संवेदनशील विषयों की जानकारी दी गई. कार्यक्रम में आरसी प्रजापति, डॉ अरविंद बोहरे, डॉ एच.एस अंसारी, डॉ पदमा आचार्य, डॉ प्रतिमा खरे, डॉ मधु स्थापक डॉ दीपक खटीक, डॉ प्रशांत सोनी, डॉ नंदकिशोर लोधी उपस्थित रहे.

नर्सिंग प्रकोष्ठ की अध्यक्ष बनीं श्रद्धा

सागर. मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला सचिव राजकुमार कपूर ने संगठन का विस्तार करते हुए भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष जगदीश जारोलिया एवं मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष अवधेश उपाध्याय की अनुशंसा पर श्रद्धा तिवारी को नर्सिंग प्रकोष्ठ का अध्यक्ष नियुक्त किया. नियुक्ति पर जिला चिकित्सालय में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसमें सिविल सर्जन डॉ आरएस जयंत, डॉ जितेंद्र सराफ, डॉ प्रीति तिवारी, डॉ संतोष पटेल, डॉ भरत अहिरवार, डॉ आशीष ठाकुर,विनीता राव, सुशीला जान, शीला मालवीय, विनीता टिचकुले,ननकी नायक, शशी वाल्टर, अनुराधा श्रीवास्तव, रक्षा सोनी, मुस्कान चौधरी, प्रभात मिश्रा, अनुरुद्ध गुप्ता द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है.

मंडी में सोयाबीन व मक्का की आवक

बंडा. कृषि उपज मंडी में सोयाबीन एवं मक्का की आवक हो रही है. मंडी में किसान अपनी फसल बेचने आए. डाककर्ता गजेंद्र दुबे, अभिजीत साहू ने बताया कि 3385 क्विंटल सोयाबीन एवं 285 क्विंटल मक्का की आवक हुई. फसलों में नमी होने के कारण सोयाबीन की बोली 3000 से 4285 तक बोली गई. मक्का की बोली 1350 से 1730 तक रही, किसानों की बोनी को देखते हुए बुधवार है बाजार के दिन और अधिक मात्रा में आवक होने की उम्मीद है.

हिंद केसरी दंगल के लिए टीम का चयन आज

सागर. भारतीय शैली कुश्ती महासंघ भारत एवं भारतीय शैली कुश्ती संघ के तत्वाधान में महाराष्ट्र के सतारा में कुश्ती दंगल 52वा हिन्द केसरी आयोजित होने जा रहा है जिसमे मप्र की टीम भी शिरकत करेगी .जिलाध्यक्ष कौशल सोनी ने बताया कि कुश्ती टीम की चयन प्रक्रिया 5 नवंबर को छत्रसाल अखाड़ा में रखी गई है.

बाहुबली कॉलोनी के सीए बने संयम

नवभारत न्यूज

सागर 4 नवम्बर. बाहुबली कालोनी निवासी वीरेंद्र जैन उदयपुरा बालों के सुपुत्र संयम जैन का सीए की परीक्षा में चयन हुआ.

रेडिमेड कपड़ा व्यवसायी वीरेंद्र जैन के बड़े सुपुत्र यश पहले ही सीए बन चुके है जो कि पुणे में एक कंपनी में कार्यरत है. संयम ने स्कूली शिक्षा गृहण करने के साथ ही सीए की तैयारी शुरु कर दी थी जो पहले ही प्रयास में सफल हो गई. संयम जैन के चयनित होने पर उनके शुभचितंकों ने घर पहुंचकर उन्हें बधाई दी है.

बॉटल में पेट्रोल लेकर जनसुनवाई पहुंचा जपं सदस्य

नवभारत न्यूज

सागर 4 नवम्बर. कलेक्ट्रेट में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में जनपद पंचायत सागर के सदस्य बॉटल में पेट्रोल लेकर पहुंचे तो पुलिस ने उन्हें बाहर ही पकड़ लिया और संबंधित थाना क्षेत्र में ले जाकर शिकायत सुनी.

मिली जानकारी के अनुसार, जनपद पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 13 के सदस्य फदाली कुमार अहिरवार के साथ करीब छह महीने पहले कुछ लोगों ने मोबाइल छीन कर पांच हजार रुपए झपट लिए थे. उन्होंने इस संबंध में सानौधा थाने में शिकायत दर्ज कराई थी. लेकिन फदाली का आरोप है कि पुलिस अब तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पाई है, उल्टा थाने के कुछ कर्मचारियों द्वारा उनसे राजीनामा करने का दबाव बनाया जा रहा है.

जपं सदस्य फदाली ने बताया कि आरोपी खुलेआम क्षेत्र में घूम रहे हैं और उन्हें पुलिस का संरक्षण मिल रहा है. उन्होने बताया कि मैं पिछले कई महीनों से न्याय के लिए एसपी और आईजी तक शिकायत लेकर गया, लेकिन सिर्फ आश्वासन ही मिला. जब कहीं सुनवाई नहीं हो रही है.

> जैसे ही कलेक्ट्रेट में मौजूद कर्मचारियों और पुलिसकर्मियों को यह पता चला कि व्यक्ति पेट्रोल लेकर आया है, परिसर में हड़कंप मच गया. मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने जनपद सदस्य को पकड़कर बोतल छीनी और उसे शांत कराया, इसके बाद अधिकारी मौके पर पहुँचे और उसे जनसुनवाई के कमरे में ले जाकर बातचीत की. एसडीएम अमन मिश्रा ने जनपद सदस्य को भरोसा दिलाया कि मामले की निष्पक्ष जांच होगी और लापरवाही पाए जाने पर पुलिसकर्मियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी. यह पूरा मामला कलेक्ट्रेट आने वाले लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ था.

अंजी ने जीते पदक

सागर. 69वी शालेय राज्य स्तरीय जूनियर(अंडर-14) एथलेटिक्स प्रतियोगिता इन्दौर में आयोजित की गई, जिसमें खेल परिसर के एथलेटिक्स प्रशिक्षण केन्द्र की खिलाड़ी अंजी अहिरवार- 400मी एवं 600 मी दौड़ में दो स्वर्ण पदक प्राप्त किये. ये खिलाड़ी मंगल सिंह यादव, एथलेटिक्स कोच के मार्गदर्शन में नियमित प्रशिक्षण प्राप्त करते है. आगामी राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में म.प्र. की ओर से भाग लेंगी.

विधान के समापन पर हवन व शोभायात्रा निकलेगी

नवभारत न्यूज

सागर 4 नवम्बर. पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर अंकुर कॉलोनी में चल रहे श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति यज्ञ में 1024 अर्ध समर्पित करने के साथ ही विधान का समापन हुआ.

मनोज जैन लालो ने बताया कि श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा, हवन के उपरांत प्रात: 9 बजे से श्री जी की शोभायात्रा निकाली जावेगी, जो अंकुर कॉलोनी से मकरोनिया चौराहा होकर वापस विधान स्थल पर आएगी. बाल ब्र. अंकित भैया के द्वारा सिद्धचक्र विधान के साथ संपन्न कराया गया.

ऐलक दयासागर महाराज ने श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ के दौरान प्रवचन में कहा कि मानव मान का पुतला है. मान कषाय ही हमें चार गति और चौरासी लाख योनियों में भ्रमण कराता है और इस असार संसार से मुक्त नहीं होने देता, हमारे अंदर दिव्य शक्ति को जागृत नहीं होने देता, हमें परमात्मा नहीं बनने देता. इन मान कषायों के कारण ही हम दिन रात पाप कर्मों में लिप्त रहते हैं.

उन्होने बताया कि यदि हमारे जीवन में मृदुता, सरलता आ जाए तो इस संसार में हमारा कोई शत्रु या दुश्मन नहीं होगा, हमारा किसी से बैर नहीं होगा, हम जब भी इष्ट की, जिनेंद्र प्रभु की आराधना, पूजा भक्ति करते हैं तब हमारा चिंतन होना चाहिए कि हे भगवन, जो दिव्य शक्ति आपके अंदर विराजमान है, वो अंदर भी प्रगट हो, हम निरंतर पूजा भक्ति आराधना करते हुए इष्ट की प्रतिमाओं को घिसते रहते हैं मान कषाय को नहीं छोड़ते है.

बंडा में हुई बारिश

बंडा. दिन भर छाए रहे बादलों के बाद बारिश हुई. बारिश होने के कारण जहां किसानो की उम्मीदों को झटका लगा. मक्का की फसल भी खराब होने की कगार पर पहुंच गई है. किसानों का कहना है कि अब तो वह पूरी तरह बर्बाद होने की स्थिति में पहुंच गए हैं, मौसम साफ न होने से किसानों की खेतों एवं घरों में पड़ी मक्का पूरी तरह से सूख नहीं पाई है. पिपरिया के किसान स्वामी प्रसाद दुबे ने बताया कि बारिश से सूखने डली मक्का पूरी तरह भीग गई है. देशराज सिंह मगरधा ने बताया कि बारिश के कारण न बोनी करना संभव हो पा रहा है और ना ही मक्का की थ्रेसर हो पा रही है.

प्राकृतिक खेती से किसान बढ़ा सकते हैं वार्षिक आमदनी

नवभारत न्यूज

सागर 4 नवम्बर. किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग द्वारा जनपद सभागार में नेचुरल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग, प्राकृतिक खेती अंतर्गत कृषकों को प्रशिक्षण दिया गया.

कृषि विज्ञान केंद्र देवरी के वरिष्ट कृषि वैज्ञानिक डॉ आशीष त्रिपाठी ने कहा पहले कृषि भूमि के छोटे से हिस्से में प्रयोग के तौर पर प्राकृतिक खेती कर अनुभव प्राप्त करे और उसके बाद रकबा बढ़ाएं।. उन्होंने रासायनिक पदार्थों के उपयोग के दुष्प्रभावों के बताते हुए कहा रासानिक खादों और कीटनाशकों के उपयोग से मिट्टी प्रदूषित हो गई है जमीन बाँझ हो जायेगी, वातावरण प्रदूषित हो रहा है सब्जियां फ्ल बेस्वाद हो गई है. एसएडीओ मनोज श्रीवास्तव ने किसानों को प्राकृतिक खेती को अपनाने की सलाह दी और कहा कि किसान अपनी आमदनी बढा सकते है,

उद्यानिकी अधिकारी श्री प्रजापति ने फूलों एवं फलों की खेती की बारीकियां बताईं और कहा यह अतिरिक्त आमदनी का श्रोत है

माइक्रोस्कोप कार्यशाला संपन्न

नवभारत न्यूज

सागर 4 नवम्बर. डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में उन्नत अनुसंधान केंद्र के द्वारा पोलेराइजिंग माइक्रोस्कोप पर हैंड्स ऑन प्रशिक्षण का आयोजन किया.

इस प्रशिक्षण में कुल 16 प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया. उन्नत अनुसंधान केंद्र की मुख्य समन्वयक, प्रो. श्वेता यादव की पहल पर सीएआर में उपलब्ध विभिन्न परिष्कृत उपकरणों पर कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है. डॉ. विवेक कुमार पांडे प्रभारी, सीएआर ने प्रतिभागियों को जानकारी दी. व्याख्यान सत्र में मुख्य वक्ता डॉ. विवेक प्रकाश मालवीय और डॉ. अदिति शर्मा के द्वारा बताया गया कि पोलेराइजिंग माइक्रोस्कोप एक महत्वपूर्ण कैरेक्टाराइजेशन तकनीक है, जिसका उपयोग खनिजों और चट्टानों का भूवैज्ञानिक विश्लेषण तथा क्रिस्टल, मिश्रधातुओं और फाइबर की सूक्ष्म संरचना की जांच करने के लिए किया जाता है.

पिता-पुत्र से मारपीट

ललितपुर. आधार कार्ड संशोधन कराने पहुंचे लोगों से मारपीट कर रहे होमगार्ड से मारपीट कर रहा था, इसकी वीडियो बनाने पर होमगार्ड ने उसके साथ भी मारपीट कर दी, इस संबंध में पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजकर होमगार्ड पर रुपये भी मांगने का आरोप लगाया है. शिकायती पत्र एडीएम को दिया गया है, जिसमें एडीएम ने सीओ महरौनी व एसएचओ सौजना को जांच कर कार्यवाही के लिए निर्देशित किया है. ग्राम सौजना निवासी सुरेश ने एडीएम को दिये शिकायती पत्र में बताया कि बलराम उर्फ बल्लू किसरदा निवासी होमगार्ड है, जो कि महरौनी में तैनात है, उक्त होमगार्ड किसी व्यक्ति की आधार कार्ड बनाने के दौरान मारपीट कर रहा था. पुत्र रवि को उत्तेजित होकर गालियां दी और मारपीट करने लगा.

नगर विकास को गति प्रदान करुंगी : सोनाली

नवभारत न्यूज

ललितपुर 4 नवम्बर. नगर पालिका परिषद की अठारहवीं अध्यक्ष पद के लिए नवनिर्वाचित अध्यक्ष सोनाली जैन को सिद्धक्षेत्र तुवन मंदिर के प्रांगण में पद व गोपनीयता की शपथ ली. नवनिर्वाचित नपाध्यक्ष को शपथ उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार ने दिलायी.

नवनिर्वाचित नपाध्यक्ष को शपथ दिलाई गई

उन्होंने अपने संबोधन में शहर के विकास को चहुंमुखी करने के साथ-साथ तेज गति से करने की प्रतिबद्धता को दोहराया.इस दौरान सिद्धपीठ श्रीचण्डी मंदिर के पीठाधीश्वर स्वामी चन्द्रेश्वरगिरी महाराज, सिद्धक्षेत्र श्रीसर्वेश्वरधाम के महंत जगदगुरू कृष्णगिरी महाराज, महामण्डलेश्वर गिरीश बाबा के अलावा भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, क्षेत्रीय महामंत्री रामकिशोर साहू, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनिल यादव, राज्यमंत्री मनोहरलाल पंथ, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, एमएलसी रमा निरंजन, शिक्षक विधायक बाबूलाल तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण, जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, प्रताप नारायण दीक्षित, पूर्व नपाध्यक्ष रमेश खटीक, पूर्व नपाध्यक्ष सुभाष जायसवाल, राजाराम गोस्वामी, प्रदीप चौबे, हरीराम निरंजन, राजकुमार जैन चूना, गंधर्व सिंह लोधी, रमेश कुमार सिंह, बब्बू राजा आदि मौजूद थे.

In The Court Of V Additional District And Session Judge, District Court, Sagar

Presiding Officer: डॉ सुधांशु सक्सेना
प्रकरण क्रमांक : (MJC GW/0000046/2025)
श्रीमती चंद्रवती गौर----------आवेदक
Vs
आमजनता----------अनावेदक
Process Id-1768/2025
पेशी दिनांक: 19/12/2025

प्रेषिती- आमजनता पता- आमजनता सागर जिला सागर म.प्र.

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती चंद्रवती गौर पति स्व.हरिशंकर गौर पता रामपुरा वार्ड सागर जिला सागर म.प्र. ने मृतक स्व. हरिशंकर गौर निवासी रामपुरा वार्ड सागर जिला सागर म.प्र. की प्लॉट नंबर. 96/152/154 है जो कि कटरा वार्ड में स्थित है। विक्रय करने की अनुमति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए इस न्यायालय में आवेदन किया है। जिसकी सुनवाई दिनांक **19 December 2025** को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदिका को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किए जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक **19 December 2025** को न्यायालय में स्वंय अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख **28 October 2025** को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

(डॉ सुधांशु सक्सेना)
पंचम जिला न्यायाधीश
जिला सागर (म.प्र.)

कृपया ध्यान दें.:
1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई लिया जावेगा।

धार्मिक क्रियाएं उत्साह से करने पर पुण्य संचय

नवभारत न्यूज

सागर 4 नवम्बर. धार्मिक क्रियाएं हमेशा उत्साह के साथ करना चाहिए जिससे पुण्य का संचय ज्यादा होता है. प्रतिदिन पूजन अभिषेक संकल्प के साथ करना चाहिए तभी पाप कर्म कटते हैं पाप बढ़ाने के लिए तो आप दिनभर कार्य करते हैं लेकिन भगवान के अभिषेक पूजन से पुण्य का अर्जन होता है तो पाप कर्म का छय होता है.

यह बात नेहानगर में मुनि श्री अनंतसागर महाराज ने विधान के दौरान प्रवचन में कहीं. विधान के दौरान इंद्र बनकर के पूजा आराधना पूरी लगन से होती है.

मुकेश जैन ढाना ने बताया कि विधान के अंतिम दिन 1024 अघ समर्पित हुए 5 नवंबर को सुबह हवन होगा और श्रीजी की शोभायात्रा निकलेगी. पारसनाथ मंदिर कटरा, बाहुबली कॉलोनी जैन मंदिर और जैन मिलन बड़ा बाजार के द्वारा द्रव्य समर्पित के लिए लाई गई.

विधान के अवसर पर विधायक प्रदीप लारिया ने घोषणा की कि नेहानगर में नपा मकरोनिया के द्वारा 11 लाख रुपए की लागत से प्रवेश द्वार का निर्माण विद्यासागर द्वार किया जाएगा. विधायक श्री लारिया ने मुनिश्री विमल सागर महाराज को श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद लिया.

नेहरू महाविद्यालय ललितपुर (उ०प्र०)
संस्थापित 1968

महाविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों में संविदा आधार पर निम्नांकित विषय में अर्ह प्रवक्ता की आवश्यकता है:-

विज्ञान संकाय स्नातक - जन्तु विज्ञान- 01 पद

उपर्युक्त पद हेतु सादा कागज पर आवेदन पत्र यू०जी०सी० द्वारा निर्धारित योग्यता प्रमाण पत्रों की छाया प्रतियों एवं 500 रू० के क्रास्ड बैंक ड्राफ्ट के साथ जो "मंत्री नेहरू महाविद्यालय ललितपुर" के नाम देय हो दिनांक 28-11-2025 तक प्रेषित करें आरक्षण उ०प्र० शासन की नीति के अन्तर्गत एवं राज्य सरकार एवं विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित वेतन देय होगा।
योग्यता - विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यू.जी.सी. नियमन-2018) एवं उच्च शिक्षा विभाग उ.प्र. शासन के अनुसार।

प्रोफ़े. ओमप्रकाश शास्त्री
प्राचार्य
मो. - 9140981018

प्रदीप चौबे
मंत्री / प्रबंधक
मो. - 8299766227